futuretopper.in

SET-1

Series GBM/2

कोड नं.
Code No. **58/2/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

अर्थशास्त्र

ECONOMICS

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 100*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

सामान्य निर्देश :

(i) *दोनों खण्डों के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) *प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

(iii) *प्रश्न संख्या **1 – 5** तथा **16 – 20** अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक का **1** अंक है । इनका प्रत्येक का उत्तर **एक वाक्य** में ही अपेक्षित है ।*

(iv) *प्रश्न संख्या **6 – 8** और **21 – 23** लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **3** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **60** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

(v) *प्रश्न संख्या **9 – 11** और **24 – 26** भी लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **4** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **70** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

(vi) *प्रश्न संख्या **12 – 15** और **27 – 30** दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **6** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

(vii) *उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए तथा यथासंभव ऊपर दी गई शब्द सीमा के अंतर्गत ही दिए जाने चाहिए ।*

General Instructions :

(i) ***All** questions in both the sections are compulsory.*

(ii) *Marks for questions are indicated against each question.*

(iii) *Questions No. **1 – 5** and **16 – 20** are very short-answer questions carrying **1** mark each. They are required to be answered in **one sentence** each.*

(iv) *Questions No. **6 – 8** and **21 – 23** are short-answer questions carrying **3** marks each. Answers to them should normally not exceed **60** words each.*

(v) *Questions No. **9 – 11** and **24 – 26** are also short-answer questions carrying **4** marks each. Answers to them should normally not exceed **70** words each.*

(vi) *Questions No. **12 – 15** and **27 – 30** are long-answer questions carrying **6** marks each. Answers to them should normally not exceed **100** words each.*

(vii) *Answers should be brief and to the point and the above word limits should be adhered to as far as possible.*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

खण्ड अ
SECTION A

1. बाज़ार के किस स्वरूप में एक फर्म की माँग पूर्णतया लोचदार होती है ? *1*
In which form of market, is the demand of a firm perfectly elastic ?

2. इसके अन्तर्गत केवल कुछ विक्रेता होते हैं *1*

(अ) पूर्ण प्रतियोगिता

(ब) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता

(स) एकाधिकार

(द) अल्पाधिकार

There are only a few sellers under

(a) Perfect competition

(b) Monopolistic competition

(c) Monopoly

(d) Oligopoly

3. माँग का नियम बताइए । *1*
State the law of demand.

4. जब सीमांत उपयोगिता शून्य होती है, तो कुल उपयोगिता *1*

(अ) शून्य होती है

(ब) न्यूनतम होती है

(स) अधिकतम होती है

(द) नकारात्मक होती है

When marginal utility is zero, total utility is

(a) zero

(b) minimum

(c) maximum

(d) negative

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

5. एक वस्तु पर किया गया व्यय उसकी कीमत में परिवर्तन की दिशा से विपरीत दिशा में केवल तब बदलेगा जब उसकी माँग *1*

(अ) लोचदार हो

(ब) बेलोचदार हो

(स) पूर्णतया बेलोचदार हो

(द) इकाई लोचदार हो

The expenditure on a good would change in the opposite direction as the price changes only when demand is

(a) elastic

(b) inelastic

(c) perfectly inelastic

(d) unitary elastic

6. एक उदाहरण की सहायता से अवसर लागत का अर्थ समझाइए । *3*

Explain the meaning of opportunity cost with the help of an example.

7. उत्पादन संभावना वक्र मूल-बिन्दु की ओर अवतल क्यों होता है ? समझाइए । *3*

अथवा

आर्थिक समस्या क्यों उत्पन्न होती है ? समझाइए । *3*

Why is a Production Possibility Curve concave to the origin ? Explain.

OR

Why does an economic problem arise ? Explain.

8. ऐसे कोई तीन कारक बताइए जिनके कारण माँग वक्र दायीं ओर खिसक सकता है । *3*

Give any three factors that can cause a rightward shift of demand curve.

9. सीमान्त प्रतिस्थापन दर का अर्थ समझाइए । एक वस्तु को दूसरे के लिए प्रतिस्थापित करने पर यह क्यों घटती है ? समझाइए । *4*

अथवा

बजट रेखा का अर्थ समझाइए । इसमें किस कारण से परिवर्तन हो सकता है ? समझाइए । *4*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

Explain the meaning of marginal rate of substitution. Why does it diminish as one good is substituted for the other ? Explain.

OR

Explain the meaning of budget line. What can cause a change in it ? Explain.

10. परिवर्ती अनुपातों के नियम में कुल उत्पाद के व्यवहार के विभिन्न चरणों को बताइए । इन्हें एक रेखाचित्र में भी दिखाइए । *4*

State the different phases in the behaviour of total product in the law of variable proportions. Also, show the same in a diagram.

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए, प्रश्न संख्या 10 के स्थान पर है ।*

Note : *The following question is for the* ***Blind Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 10.*

परिवर्ती अनुपातों के नियम में कुल उत्पाद के व्यवहार के विभिन्न चरणों को समझाइए । *4*

Explain the different phases in the behaviour of total product in the law of variable proportions.

11. पूर्ण प्रतियोगिता की "प्रवेश करने और बाहर जाने की स्वतंत्रता" विशेषता के निहितार्थों की व्याख्या कीजिए । *4*

Explain the implications of the "freedom of entry and exit" feature of perfect competition.

12. जब वस्तु A की कीमत ₹ 10 प्रति इकाई से घटकर ₹ 5 प्रति इकाई होती है, इसकी माँग मात्रा दुगुनी हो जाती है । इसकी माँग की लोच का परिकलन कीजिए । किस कीमत पर इसकी माँग मात्रा 50 प्रतिशत कम हो जाएगी ? *6*

When the price of commodity A falls from ₹ 10 to ₹ 5 per unit, its quantity demanded doubles. Calculate its elasticity of demand. At what price will its quantity demanded fall by 50 percent ?

13. एक संख्यात्मक उदाहरण की सहायता से उत्पादक के संतुलन की शर्तों की व्याख्या कीजिए । सीमांत लागत और सीमांत सम्प्राप्ति (आगम) विधि का प्रयोग कीजिए । *6*

Explain the conditions of producer's equilibrium with the help of a numerical example. Use marginal cost and marginal revenue approach.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

14. निम्नलिखित तालिका को पूरा कीजिए : *6*

उत्पादन इकाइयाँ	सीमान्त लागत ₹	औसत परिवर्ती लागत ₹	कुल लागत ₹	औसत स्थिर लागत ₹
1	60	.....	120	.....
2	.....	.....	174	.....
3	.....	54	.....	.....
4	54	.....	.....	15
5	.....	57	345	.....

Complete the following table :

Output Units	Marginal Cost ₹	Average Variable Cost ₹	Total Cost ₹	Average Fixed Cost ₹
1	60	.....	120	.....
2	.....	.....	174	.....
3	.....	54	.....	.....
4	54	.....	.....	15
5	.....	57	345	.....

15. उच्चतम कीमत सीमा और न्यूनतम कीमत सीमा के अर्थ और निहितार्थ समझाइए । *6*

अथवा

बताइए कि निम्नलिखित कथन सही हैं या ग़लत । अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए : *6*

(i) जब संतुलन कीमत बाज़ार कीमत से अधिक होती है, तो बाज़ार में पूर्ति आधिक्य होगा ।

(ii) X और Y पूरक वस्तुएँ हैं । Y की कीमत कम होने से X की कीमत बढ़ेगी ।

Explain the meaning and implications of maximum price ceiling and minimum price ceiling.

OR

State whether the following statements are true or false. Give reasons for your answer :

(i) When equilibrium price is greater than market price there will be excess supply in the market.

(ii) X and Y are complementary goods. A fall in the price of Y will result in a rise in the price of X.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

खण्ड ब
SECTION B

16. पुनर्खरीद दर वह दर है जिस पर *1*

(अ) वाणिज्यिक बैंक केन्द्रीय बैंक से सरकारी प्रतिभूतियाँ खरीदते हैं ।

(ब) वाणिज्यिक बैंक केन्द्रीय बैंक से ऋण ले सकते हैं ।

(स) वाणिज्यिक बैंक अपनी जमाएँ केन्द्रीय बैंक के पास रख सकते हैं ।

(द) वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अल्पावधि के लिए ऋण दिए जाते हैं ।

Repo rate is the rate at which

(a) commercial banks purchase government securities from the central bank

(b) commercial banks can take loans from the central bank

(c) commercial banks can keep their deposits with the central bank

(d) short-term loans are given by commercial banks

17. जब समग्र माँग समग्र पूर्ति से अधिक होती है, तो स्टॉक *1*

(अ) घटते हैं

(ब) बढ़ते हैं

(स) परिवर्तित नहीं होते हैं

(द) पहले घटते हैं, फिर बढ़ते हैं

When aggregate demand is greater than aggregate supply, inventories

(a) fall

(b) rise

(c) do not change

(d) first fall, then rise

18. अल्प-रोज़गार संतुलन का अर्थ बताइए । *1*

Give the meaning of under-employment equilibrium.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

19. पूँजीगत प्राप्तियाँ क्या होती हैं ? *1*

What are capital receipts ?

20. व्यापार घाटा का क्या अर्थ होता है ? *1*

What is meant by trade deficit ?

21. मुद्रा के कोई तीन कार्य बताइए । *3*

अथवा

मुद्रा की परिभाषा दीजिए । इसके घटकों की सूची बनाइए । *3*

State any three functions of money.

OR

Define money. List its components.

22. स्टॉक और प्रवाह में भेद कीजिए । प्रत्येक का एक उदाहरण दीजिए । *3*

Distinguish between stocks and flows. Give an example of each.

23. कारण बताते हुए निम्नलिखित को राजस्व प्राप्तियों और पूँजीगत प्राप्तियों में वर्गीकृत कीजिए : *3*

(i) ऋणों की वसूली

(ii) सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लाभ

(iii) ऋण

Giving reasons, classify the following into revenue receipts and capital receipts :

(i) Recovery of loans

(ii) Profits of public sector undertakings

(iii) Borrowings

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

24. वाणिज्यिक बैंकों का मुद्रा सृजन कार्य समझाइए । *4*

अथवा

केन्द्रीय बैंक की ऋण नियंत्रण की "आरक्षित आवश्यकताओं में अंतर करके" विधि समझाइए । *4*

Explain money creation function of commercial banks.

OR

Explain the "varying reserve requirements" method of credit control by the central bank.

25. समझाइए कि किस प्रकार सरकारी बजट अर्थव्यवस्था में संसाधनों के प्रभावी आबंटन में उपयोगी हो सकता है । *4*

Explain how can government budget be useful in influencing allocation of resources in an economy.

26. एक अर्थव्यवस्था संतुलन में है । निम्नलिखित आँकड़ों से निवेश व्यय का परिकलन कीजिए : *4*

(i) सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति = 0·9

(ii) स्वायत्त उपभोग = 200

(iii) आय का स्तर = 10000

An economy is in equilibrium. From the following data calculate investment expenditure :

(i) Marginal propensity to consume = 0·9

(ii) Autonomous consumption = 200

(iii) Level of income = 10000

27. नम्य (लचीली) विनिमय दर और प्रबंधित तिरती (नियंत्रित अस्थायी) विनिमय दर के बीच अंतर की व्याख्या कीजिए । *6*

अथवा

घरेलू मुद्रा के मूल्यह्रास और अवमूल्यन के बीच उदाहरण देकर अंतर की व्याख्या कीजिए । *6*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

Explain the distinction between the flexible exchange rate and the managed floating exchange rate.

OR

Explain by giving examples, the distinction between depreciation and devaluation of domestic currency.

28. व्यय विधि द्वारा राष्ट्रीय आय का आकलन करते समय क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिएँ ? समझाइए । *6*

What precautions should be taken while estimating national income by expenditure method ? Explain.

29. किसी अर्थव्यवस्था में निवेश 1,100 बढ़ता है और इसके परिणामस्वरूप आय 5,500 बढ़ती है । यदि सीमांत बचत प्रवृत्ति 25 प्रतिशत होती, तो आय में कितनी वृद्धि होती ? *6*

In an economy, investment increased by 1,100 and as a result of it income increased by 5,500. Had the marginal propensity to save been 25 percent, what would have been the increase in income ?

30. (क) राष्ट्रीय आय, तथा (ख) निवल राष्ट्रीय प्रयोज्य आय का परिकलन कीजिए : *6*

		(₹ करोड़ों में)
(i)	लाभ	1,000
(ii)	स्वनियोजितों की मिश्रित आय	15,000
(iii)	लाभांश	200
(iv)	ब्याज	400
(v)	कर्मचारियों का पारिश्रमिक	7,000
(vi)	विदेशों को निवल कारक आय	100
(vii)	अचल पूँजी का उपभोग	400
(viii)	निवल निर्यात	(–) 200
(ix)	निवल अप्रत्यक्ष कर	800
(x)	शेष विश्व को निवल चालू हस्तांतरण	40
(xi)	किराया	500

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

Calculate (a) national income, and (b) net national disposable income :

		(₹ in crores)
(i)	Profit	1,000
(ii)	Mixed income of self-employed	15,000
(iii)	Dividends	200
(iv)	Interest	400
(v)	Compensation of employees	7,000
(vi)	Net factor income to abroad	100
(vii)	Consumption of fixed capital	400
(viii)	Net exports	(–) 200
(ix)	Net indirect taxes	800
(x)	Net current transfers to rest of the world	40
(xi)	Rent	500